# धर्मनगरी में अधर्म: चित्रकूट के 'आरोग्यधाम' में ग्वालियर के श्रद्धालु परिवार से लूट, आस्था के केंद्र पर सुरक्षा राम भरोसे!

सतना।

**बुंदेलखंड की पावन धरती और करोड़ों हिंदुओं की आस्था का केंद्र चित्रकूट इन दिनों चोरों और असामाजिक तत्वों का चारागाह बनता जा रहा है। मंगलवार, 17 मार्च को चित्रकूट के आरोग्यधाम क्षेत्र में चोरी की एक ऐसी घटना सामने आई है, जिसने पुलिस प्रशासन के सुरक्षा दावों की कलई खोलकर रख दी है। ग्वालियर से दर्शन करने आए एक हंसते-खेलते श्रद्धालु परिवार को शातिर चोरों ने अपना निशाना बनाया, जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।**



### क्या-क्या ले उड़े चोर?

पीड़ित परिवार ने बताया कि गायब हुए बैग में लगभग 15,000 रुपये नगद, सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन, आधार कार्ड और सबसे महत्वपूर्ण-उनके ग्वालियर स्थित घर और अलमारियों की चाबियाँ व अन्य जरूरी दस्तावेज थे। जब महिला स्नान कर वापस लौटीं तो वहां सामान का नामोनिशान नहीं था। चाबियाँ चोरी होने के कारण परिवार अब अपने घर की सुरक्षा को लेकर भी गहरे तनाव में है।

### सावधानी हटी और 'श्रद्धा' लुट गई

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्वालियर का यह परिवार परिक्रमा के उद्देश्य से चित्रकूट आया था और आरोग्यधाम क्षेत्र में रुका हुआ था। घटना उस वक्त हुई जब परिवार के सदस्य मंदाकिनी में स्नान करने गए थे। सुरक्षा के लिहाज से परिवार की बुजुर्ग महिला (माताजी) को सामान की रखवाली के लिए किनारे पर छोड़ा गया था। कुछ देर बाद, महिला ने भी स्नान करने का मन बनाया और अपनी साड़ी व कीमती सामान वाला बैग वहीं रखकर जल में उतरीं। बस, इसी चंद मिनटों की लापरवाही का फायदा उठाकर घात लगाए चोरों ने उनका पूरा सामान पार कर दिया।

### प्रशासन की 'कुंभकर्णी नींद' पर सवाल

चित्रकूट थाना क्षेत्र में लगातार हो रही ये घटनाएं कोई इत्तेफाक नहीं हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तीर्थस्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, लेकिन उस अनुपात में पुलिस बल की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों का अभाव है। आए दिन मोबाइल और पर्स चोरी होने से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं में भय व्याप्त है। सवाल यह है कि वीआईपी मूवमेंट और भारी पुलिस बल के दावों के बीच चोर इतने बेखौफ कैसे हैं?

### ठेंगा दिखाता सिस्टम

आरोग्यधाम जैसे संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाके में निगरानी तंत्र का फेल होना प्रशासनिक विफलता को दर्शाता है।

### पीड़ितों की गुहार और बढ़ता आक्रोश

पीड़ित परिवार ने संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस से सामान की शीघ्र बरामदगी की गुहार लगाई है। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रमुख घाटों और परिक्रमा पथ पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या तत्काल बढ़ाई जाए।सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती हो ताकि संदिग्धों पर नजर रखी जा सके। रात्रि और सुबह के समय पुलिस गश्त को और अधिक सख्त किया जाए। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास के संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।



# मैहर में सड़क सुरक्षा पर सख्ती, मजिस्ट्रेट ने चलाया विशेष वाहन जांच अभियान



मैहर।

शारदा देवी जी धाम में आगामी मेला व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने सड़क सुरक्षा पर सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार को बंधा बैरियल क्षेत्र में व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया। मजिस्ट्रेट उदयाजीत राव के नेतृत्व में 17 मार्च 2026 को संचालित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण करना रहा। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई।बिना कागजात, ओवरलोडिंग और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को सख्त चेतावनी दी गई, वहीं कई मामलों में कार्रवाई भी की गई। अधिकारियों ने वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की हिदायत देते हुए कहा कि लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मजिस्ट्रेट उदयाजीत राव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेला अवधि के दौरान किसी भी तरह की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। खासतौर पर तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग पर कड़ी नजर रखी जाएगी, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके। इस दौरान न्यायालय कर्मचारी मनमोहन पांडे, सूर्यमणि द्विवेदी, साहिर खान, मनोज खंडेलकर, अनुराग शर्मा सहित चौकी प्रभारी रंजीत सिंह और पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान को सख्ती से अंजाम दिया गया।

# ट्रक की टक्कर से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने शोहरत कर सड़क पर लगाया जाम





मैहर।

जिले के स्टेट हाईवे-11 पर डेलहा मोड़ के पास मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रक की टक्कर से मवेशी चराने जा रहे 91 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया, जिससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।जानकारी के अनुसार मृतक बंसगोपाल साहू 91 वर्ष पिता कटोला साहू, निवासी सोनवारी, रोज की तरह सुबह अपने मवेशियों को चराने के लिए घर से निकले थे। जैसे ही वह डेलहा मोड़ के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक MP-19 HA 8053 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुजुर्ग ट्रक के नीचे फंस गए और करीब 5 मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्काजाम कर दिया। इससे हाईवे के दोनों ओर कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की।ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने, क्षेत्र में ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही पर रोक लगाने तथा सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की।इस मामले में कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने कहा कि यह केवल हादसा नहीं बल्कि प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने क्षेत्र में ओवरलोड ट्रकों पर तत्काल रोक लगाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। वहीं डेलहा सरपंच अभिषेक जैसवाल और सोनवारी सरपंच रमाकांत उपाध्याय ने भी गांव की सुरक्षा के लिए 'नो एंट्री' जोन और स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग उठाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है।

# सतना की अस्मि ने रचा इतिहास: जूनियर वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए चयनित होने वाली एमपी की पहली खिलाड़ी





सतना।

विंध्य अंचल और मध्यप्रदेश के खेल जगत के लिए ऐतिहासिक पल है। सतना की अस्मि भारती का चयन जूनियर गर्ल्स वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। अस्मि इस प्रतिष्ठित वैश्विक प्रतियोगिता में जगह बनाने वाली मध्य प्रदेश की पहली खिलाड़ी बन गई हैं। यह चैंपियनशिप 12 से 17 अप्रैल तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित होगी। अस्मि ने सोनीपत में आयोजित फाइनल ट्रायल में स्वर्ण पदक जीतकर विश्व चैंपियनशिप का टिकट पक्का किया। इससे पहले उन्होंने जयपुर में नेशनल फेडरेशन कप में भी गोल्ड मेडल जीता था।वर्ष 2021 से अपने पिता डॉ.संदीप भारती के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही अस्मि वर्तमान में भोपाल की मार्शल आर्ट अकादमी में कोच जगजीत सिंह माड और अर्जुन सिंह रावत से बारीकियां सीख रही हैं।

### अस्मि भारती (खिलाड़ी)

यह मेरे लिए एक सपने जैसा है। वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश और प्रदेश का प्रतिनिधित्व करना गर्व की बात है। मेरा लक्ष्य अब ताशकंद में तिरंगा लहराना और स्वर्ण पदक जीतना है। इसके लिए मैं कड़ी मेहनत कर रही हूँ।

### डॉ.संदीप भारती (पिता एवं कोच)

अस्मि की सफलता का राज उसका अनुशासन और अटूट समर्पण है। उसने बचपन से ही मार्शल आर्ट्स को अपना जुनून बनाया। हमें पूरा विश्वास है कि वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएगी।

# नवरात्रि मेला: तैनात रहेंगे 14 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट

**मैहर।** मैहर में नवदिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले में मां शारदा देवी मंदिर में आने वाले अत्यधिक संख्या में श्रृद्धालु और दर्शनार्थी की संभावना के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने विभिन्न स्थानों पर 14 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनात किये है। इसके अनुसार कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अपने कर्तव्य स्थल पर सहयोगी कर्मचारी के साथ निर्धारित पाली में तैनात रहेंगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार रोपवे कन्ट्रोल रूम में प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक संयुक्त कलेक्टर एवं अनुभाग मजिस्ट्रेट अमरपाटन डॉ.आरती सिंह एवं प्रभारी राजस्व निरीक्षक लालमन साकेत तथा दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक नायब तहसीलदार अमदरा शिवभूषण सिंह एवं राजस्व निरीक्षक कमल सिंह बागरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। इसी प्रकार सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम डयोढ़ी में प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक डिप्टी कलेक्टर आषिमा पटेल एवं पटवारी विवेक कुमार वर्मा तथा दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक तहसीलदार जितेन्द्र पटेल एवं पटवारी जितेन्द्र कुमार दाहिया को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। मंदिर प्रांगण ऊपर प्रातः 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक की पाली में नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार त्रिपाठी एवं पटवारी संजय गर्ग तथा दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामनगर शिवप्रकाश मिश्रा एवं पटवारी अरूण सिंह को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। सेकण्ड राउण्ड सीढ़ी में प्रातः 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक की पाली में परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास अखिलेश दीपांकर तिवारी एवं पटवारी रामप्रकाश पाण्डेय तथा दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक तहसीलदार प्रेमलाल चौधरी एवं पटवारी भूपेन्द्र खंगार को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। व्हीआईपी तल सीढ़ी चैनल गेट में प्रातः 3 बजे से दोपहर 1 बजे तक नायब तहसीलदार ललित धार्वे एवं दोपहर 1 बजे से रात्रि में पट बंद होने तक तहसीलदार रामनगर अनामिका सिंह एवं प्रभारी राजस्व निरीक्षक दिवाकर मिश्रा को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। मेला प्रांगण फारेस्ट बैरियर से लालगेट प्रातः 5बजे से दोपहर 1बजे तक नायब तहसीलदार अनिल सिंह एवं पटवारी लालमन सिंह और दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक नायब तहसीलदार रोशनलाल रावत एवं दिलीप परस्ते, मंदिर प्रांगण ऊपर रोवने चैनल गेट प्रातः 6 बजे से दोपहर 1 बजे तक नायब तहसीलदार रामप्रकाश पाण्डेय एवं पटवारी असेन्द्र सिंह तथा दोपहर 1 बजे से रात्रि पट बंद होने तक परियोजना अधिकारी विद्याचरण तिवारी एवं पटवारी जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। साथ ही रिजर्व में कृषि विस्तार अधिकारी विवेक शुक्ला, सहायक संचालक मत्स्य सुरजन सिंह, उप संचालक पशु एवं डेयरी विभाग प्रदीप द्विवेदी तथा कृषि विस्तार अधिकारी रितेष बागरी को शामिल किया गया है।

# युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए अहम है परिचय सम्मेलन : विश्वकर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

श्री विश्वकर्मा महासंगठन मध्यप्रदेश द्वारा मानस भवन जबलपुर में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग 150 युवक-युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया।




आयोजन में जिला पंचायत कटनी के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने भी शिरकत की। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे परिचय सम्मेलन समाज को संगठित करने के साथ ही नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इससे परिवारों को एक दूसरे को समझने का अवसर मिलता है और समाज में पारंपरिक मूल्यों के साथ आधुनिक सोच का समन्वय भी देखने को मिलता है।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 104 आवेदकों की समस्यायें


सतना।



मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 104 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने भूमि विवाद, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, सिंचाई, बिजली, पानी, सड़क निर्माण, पेंशन, छात्रवृत्ति, आवास योजना तथा अन्य लोक कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं।कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लिया और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एलआर जांगडे, सुभाष मिश्रा द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गई।

## खबर संक्षेप

### जैव प्रौद्योगिकी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन उत्साह और पुरस्कारों के साथ सम्पन्न





**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने नॉलेज पार्टनर के रूप में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रिसर्च, इनोवेशन एंड वूमेन एम्पावरमेंट इन सस्टेनेबल एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट (ICRI WE A-2026) के अंतर्गत प्रस्तुतिकरण सत्रों के सफल समापन और परिणामों की घोषणा के साथ सम्मेलन को गरिमामय रूप से संपन्न किया। यह सम्मेलन एडु-मेंटर्स सोसाइटी फॉर सस्टेनेबल एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (EDSARD) तथा एडु-मेंटर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया।
**सम्मेलन में विभिन्न संस्थानों से आए प्रतिभागियों ने चार विषयगत ट्रैकों में अपने नवाचारपूर्ण शोध कार्यों का मौखिक प्रस्तुतिकरण किया।**
**ट्रैक-1** में अनुराग त्रिपाठी, बंटी एवं डॉ. प्रणिता भटेले;
**ट्रैक-2** में सृष्टि सोनी, संजना सोनी एवं वर्षा सिंह;
**ट्रैक-3** में डॉ. पंकज कुमार गौतम, नीलेश श्रीवास्तव एवं दीक्षा चौधरी; जबकि ट्रैक-4 में हरजीत कौर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रस्तुतिकरण श्रेणी में प्रियंका पंवार एवं सुमेर सिंह राजपूत ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि वर्षा रतन एवं अविंदर सिंह ने अपने-अपने ट्रैक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की।

### शिकायतों को गंभीरता से लें और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई करें: एसपी



**मैहर।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय मैहर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित थाना प्रभारियों व पुलिस कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई में कई फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें लंबे समय से लंबित प्रकरण भी शामिल थे। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने सभी मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का जल्द से जल्द निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और पीड़ितों को समय पर न्याय मिले। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सीधा मंच उपलब्ध कराना है। साथ ही पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे शिकायतों को गंभीरता से लें और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक के इस प्रयास से फरियादियों को अपनी बात सीधे रखने का अवसर मिला और कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

### बालिका अंडर 18 एवं सीनियर खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल18 को



**मैहर।** रीवा डिविजनल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में बालिका अंडर 18 अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मैहर की टीम का चयन बुधवार 18मार्च को सुबह 09:00 बजे व सीनियर टीम का चयन मैहर खेल मैदान क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से होना है। अंडर 18 के लिए जन्मतिथि 1 सितंबर 2007 के बाद हो।

# बिजली कर्मचारी महासंघ ने भरी हुंकार, प्रदेश में छा सकता है अंधकार

**पन्ना। मध्य प्रदेश में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बिजली कर्मचारी महासंघ द्वारा लगातार विद्युत कर्मियों की जायज मांगों के संबंध में लिखित मौखिक निवेदन के उपरांत निराकरण नहीं होने के कारण प्रदेश स्तर पर लिए गए निर्णय के आधार पर 12 सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का शंखनाद कर दिया गया है।**
जिसमें प्रमुख मांगे के रूप में संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, नियमित कर्मचारियों की वेतन विसंगति, वन टाइम गृह जिला स्थानांतरण नीति लागू करना, आउटसोर्स श्रमिकों को हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश की तर्ज पर निगम मंडल की स्थापना करना,विद्युत पेंशनरों की पेंशन भुगतान राज्य कर्मचारियों की तरह कोषालय के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था की जाए एवं मंडल के समय से नियुक्त मीटर रीडरों का'संविलियन, साथ ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर्मचारियों अधिकारियों की मांगे के साथ सभी वर्गों के कर्मचारीयों की मांगे रखी गई है। कर्मचारियों की मांगे पूरी नही होने के कारण संगठन द्वारा तीन चरणों में आंदोलन की घोषणा की गई है । 'ज्ञात हो कि 06 मार्च 2026 को प्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रबंध संचालक महोदय,निष्ठा परिसर गोविंदपुरा में भारी संख्या में संविदा नियमित एवं आउटसोर्स कर्मचारी द्वारा




भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध विद्युत कर्मचारी महासंघ के आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष एवम् महामंत्री सहित पूर्व,पश्चिम एवं मध्य क्षेत्र के महामंत्री जी की उपस्थिति में ऊर्जा मंत्री के नाम आदरणीय प्रबंध संचालक महोदय, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी, को ज्ञापन सौंपा गया था। रूपरेखा-प्रथम चरण में 16 मार्च 2026 को प्रदेश के प्रत्येक जिला स्तर पर ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन, द्वितीय चरण में 2 अप्रैल 2026 को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों/कंपनी मुख्यालय पर एक दिन का धरना प्रदर्शन, तृतीय चरण में 16/04/26 को प्रदेश की राजधानी भोपाल धरना के बाद रैली निकालकर ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उक्त बिजली कर्मचारी महासंघ ज्ञापन/सूचना देने में म.प्र.पूर्व क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ के महामंत्री ,मणिराज प्रसाद विश्वकर्मा, सतना वृत अध्यक्ष श्री बी. जी.सिंह , सतना बिजली कर्मचारी महासंघ संरक्षक श्री पी.सी. श्रीवास्तव ,बिजली कर्मचारी महासंघ सतना के संयोजक श्री मुन्नालाल पटेल , सलाहकार श्री अशोक निगम ,भारतीय मजदूर संघ सतना के पूर्व अध्यक्ष श्री अनिल कुशवाहा ,सेवानिवृत्ति श्री सूरजदीन सिंह जी , दादा,, श्री रजनीकांत शुक्ला,श्री महेश गुप्ता, श्री नारायण पांडे ,श्री उमेश साकेत ,श्री पुष्पराज त्रिपाठी,मो. एजाज,श्री जितेंद्र विश्वकर्मा ,नरेंद्र तिवारी , मीटर बाचको में श्री पदमाकर गौतम, श्री संजय रवि,श्री अवनीश गर्ग ,आउट सोर्स कर्मियों में से श्री दिलीप वर्मा ,मो. नसीम,श्री सुखीराम कुशवाह सहित बिजली कर्मचारी महासंघ संगठन के लगभग 50

**खबर संक्षेप**

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत एक घायल

**पन्ना।** कोतवाली थाना अंतर्गत सकरिया ग्राम के पास ट्रक द्वारा एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी गई जिसमें एक युवक की मौत हो गई तथा एक घायल हो गया जानकारी के अनुसार मनोर ग्राम निवासी पुत्तू पिता पन्नालाल आदिवासी उम्र 25 वर्ष अपने साथी के साथ देवेंद्र नगर की ओर जा रहा था इस दौरान सामने से आ रहे ट्रक चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिसमें पुत्तू तथा उसका साथी घायल होगा घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस उनको जिला चिकित्सालय लेकर आई इलाज के दौरान पुत्तू की मौत हो गई तथा उसका साथी सुरक्षित है फिलहाल मृतक का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है गौर तलब है ।कि विगत 3 माह में जिले में आधा सैकड़ा से अधिक आदिवासियों की मौत दो पहिया वाहन सड़क दुर्घटना में हुई है बताया जाता है कि मुआवजा से मिली रकम में मोटरसाइकिल खरीदी तथा उसके बाद शराब का सेवन करने के बाद सड़क दुर्घटना घटित हो रहीं हैं।

## बहू की संदिग्ध मौत, पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरैना में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सूचनाकर्ता मनोज दहायत (35 वर्ष) निवासी ग्राम पुरैना थाना सिमरिया जिला पन्ना ने थाना पहुंचकर सूचना दी कि वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा है। उसके छोटे भाई महेश की पत्नी शिवानी की अचानक मृत्यु हो गई। मनोज दहायत ने बताया कि घटना के समय वह शाम करीब 6 बजे खेत पर था। इसी दौरान परिवार के सदस्यों से सूचना मिली कि उसकी बहू शिवानी की मृत्यु हो गई है। सूचना मिलते ही वह तत्काल घर पहुंचा, जहां शिवानी मृत अवस्था में मिली। इसके बाद परिजन उसे अमानगंज के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचनाकर्ता के अनुसार, शिवानी की मृत्यु कैसे हुई, इसकी उसे कोई जानकारी नहीं है। घटना सिमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पुरैना की होने के कारण पुलिस ने शून्य पर मर्ग कायम कर मामला संबंधित थाना को प्रेषित करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर मृत्यु के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## कमरे में फांसी के फंदे पर झूलता मिला युवक, परिजनों में मचा कोहराम

**अमानगंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झगरा मजरा सीतापुर में एक युवक का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। फरियादी सुन्दरलाल पटेल पिता स्व. बब्बू पटेल उम्र 63 वर्ष निवासी ग्राम झगरा मजरा सीतापुर ने थाना पहुंचकर सूचना दी कि 16 मार्च 2026 को वह अपनी मटर बेचने के लिए अमानगंज आए हुए थे। इसी दौरान शाम करीब 5 बजे उनके परिवार के भतीजे शिवम पटेल अमानगंज पहुंचे और बताया कि राजविन्द पटेल उम्र करीब 20 वर्ष ने घर के पुराने कमरे में दोपहर लगभग 4:30 बजे छत के पंखे के कुंडे से तांत की रस्सी के सहारे फांसी लगा ली है। बताया गया कि घटना के बाद राजविन्द की मां प्यारी बाई, बुआ सुनीता पटेल और परिजन शिवम पटेल ने उसे फांसी के फंदे से उतारकर जमीन पर लिटाया और हिलाकर देखा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद शव को उठाकर घर के दूसरे कमरे में जमीन पर रख दिया गया। फरियादी सुन्दरलाल पटेल ने बताया कि युवक ने किन कारणों से यह कदम उठाया, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। सूचना के बाद पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही घटना के कारणों का खुलासा हो।



## जेके सीमेंट पन्ना द्वारा ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ, 16 गांवों की टीमें दिखाएंगी खेल प्रतिभा

**अमानगंज।** ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और युवाओं में खेल भावना विकसित करने के उद्देश्य से जेके सीमेंट पन्ना द्वारा ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। यह आयोजन जेके सीमेंट के यूनिट हेड श्री कपिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर जेके सीमेंट के प्रोजेक्ट हेड मनोज मदान, एचआर हेड अवनेश कुमार गौतम, कमर्शियल हेड आलोक राज गौतम तथा सीएसआर हेड मनीष कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं ग्राम तिघरा के सरपंच वीरेन्द्र दुबे एवं पूर्व सरपंच श्री विक्रम सिंह भी मंचस्थ अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट में जेके सीमेंट की कोनी एवं ककरा माइंस के अंतर्गत आने वाले लगभग 16 गांवों की टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के माध्यम से क्षेत्र के ग्रामीण युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच प्राप्त हुआ है।




प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क की भावना को बढ़ावा मिलेगा। उद्घाटन के अवसर पर खिलाड़ियों और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मैच के प्रारंभ से पहले अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। मैदान में मौजूद दर्शकों ने भी तालियों और उत्साह के साथ खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। जेके सीमेंट द्वारा समय-समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में आयोजित यह ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी भाईचारा, खेल भावना और सकारात्मक वातावरण को भी मजबूत करेगा।

## पन्ना जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

### जिला मजिस्ट्रेट ने जारी किया आदेश, निजी नलकूप खनन पर प्रतिबंध




**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने जनहित में पेयजल एवं अन्य निस्तार समस्याओं के दृष्टिगत तथा आम जनता को पेयजल प्रदाय बनाए रखने, आपूर्ति बढ़ाने एवं पेयजल का समान वितरण सुनिश्चित करने व जनता की आवश्यकता की पूर्ति के उद्देश्य से आदेश जारी कर सम्पूर्ण पन्ना जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग कर जारी आदेश में जिले के सभी विकासखंड व नगरीय क्षेत्रों को 16 मार्च से 20 जुलाई 2026 तक की अवधि के लिए जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि सिंचाई इत्यादि कार्यों में भूगर्भीय जल का अत्यधिक दोहन होने के कारण पेयजल स्त्रोतों के जल स्तर में कमी आई है। नलकूपों एवं अन्य जल स्त्रोत के जल स्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। इस कारण जिले में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होने की संभावना है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड पन्ना द्वारा सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों की क्षमता प्रभावित न होने के मद्देनजर निजी नलकूप खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने की अनुशंसा की गई थी। आदेश लागू होने के उपरांत अब कोई भी व्यक्ति बगैर अनुमति के शासकीय भूमि पर स्थित जल स्त्रोतों में पेयजल तथा घरेलू प्रयोजनों को छोड़कर अन्य किसी भी प्रयोजन के लिए नहरों में प्रवाहित जल के अलावा अन्य स्त्रोतों का जल दोहन किन्हीं भी साधनों द्वारा जल का उपयोग नहीं करेगा। जिले के सभी विकासखंड और नगरीय क्षेत्रों के समस्त नदी, नालों, स्टॉप डैम, सार्वजनिक कुओं व अन्य जल स्त्रोतों का उपयोग घरेलू प्रयोजनों के लिए भी तत्काल प्रभाव से सुरक्षित किया गया है। जल अभावग्रस्त क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति स्वयं अथवा निजी ठेकेदार एसडीएम की अनुज्ञा प्राप्त किए बगैर किसी भी प्रयोजन के लिए नवीन नलकूप का निर्माण नहीं करेगा। शासकीय नलकूप खनन पर यह आदेश लागू नहीं होगा।

## खेत के कुएं में मिली महिला, अस्पताल में हुई मौत; पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

**अमानगंज/पन्ना।** थाना अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टोराह में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी रामप्रकाश विश्वकर्मा (46 वर्ष) निवासी ग्राम टोराह ने थाना पहुंचकर घटना की सूचना दी। रामप्रकाश ने बताया कि उसकी पत्नी जयश्री विश्वकर्मा (44 वर्ष) पिछले करीब 23 वर्षों से कमर से सिर तक जलन की समस्या से पीड़ित थी। उसका कई चिकित्सकों से उपचार कराया गया, साथ ही देवस्थानों पर भी दिखाया गया, लेकिन उसे कोई राहत नहीं मिली। इस कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी और अक्सर आत्महत्या जैसी बातें किया करती थी। घटना दिनांक 16 मार्च 2026 की रात की है, जब परिवार के साथ भोजन करने के बाद जयश्री बार-बार घर से बाहर जाने का प्रयास कर रही थी। परिजन रात करीब 2 बजे तक उसे रोकते रहे, जिसके बाद सभी सो गए। सुबह करीब 4 बजे बड़े बेटे शिवाकांत ने पिता को उठाकर बताया कि मां घर में नहीं है। इसके बाद परिजनों और मोहल्ले के लोगों ने तलाश शुरू की। तलाश के दौरान घर के पास स्थित एक सूखे कुएं में जयश्री गिरी हुई मिली। ग्रामीणों की मदद से उसे बाहर निकाला गया, उस समय उसकी नाड़ी चल रही थी। तत्काल उसे उपचार के लिए शासकीय अस्पताल अमानगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फरियादी की सूचना पर मर्ग कायम कर मामला जांच में ले लिया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## गुनौर विधायक ने केन्द्रीय मंत्री गडकरी को सौंपा सड़क विकास संबंधी मांग पत्र



**पन्ना।** गुनौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश वर्मा ने आज राजधानी दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को लेकर मांग पत्र सौंपा। विधायक श्री वर्मा ने अमानगंज-महेबा-गुनौर-लुहरगांव-कटन-गिरवारा-सिमरी से राष्ट्रीय राजमार्ग 943 (पवई-नागौद) तक लगभग 57 किलोमीटर मार्ग तथा पन्ना से पवई तक लगभग 65 किलोमीटर मार्ग को फोरलेन विद पक्के शोल्डर्स के रूप में विकसित किए जाने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि ये दोनों मार्ग क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन पर प्रतिदिन भारी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। वर्तमान में सड़क की चौड़ाई एवं स्थिति पर्याप्त नहीं होने के कारण यातायात में कठिनाईयां उत्पन्न होती हैं, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ता है। विधायक श्री वर्मा ने अपने मांग पत्र में यह भी उल्लेख किया कि सड़कों के उन्नयन से क्षेत्र में आवागमन सुगम एवं सुरक्षित होगा। साथ ही व्यापार, कृषि एवं अन्य आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे क्षेत्र के गांवों और कस्बों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी और समग्र विकास को गति मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने विधायक द्वारा प्रस्तुत मांगों को गंभीरता से लेते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया तथा संबंधित अधिकारियों को विषय का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश देने की बात कही। विधायक ने केन्द्रीय मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि क्षेत्र की जनता की इन महत्वपूर्ण मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित किसान मेला का द्वितीय दिवस





### कलेक्टर ने निरीक्षण कर ली जानकारी, कृषकों से किया संवाद

**पन्ना।** कृषि विज्ञान केन्द्र पन्ना में जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम के द्वितीय दिवस कलेक्टर ऊषा परमार ने मेला का निरीक्षण किया और विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 586 किसानों ने मेला में सहभागिता की। महिला किसानों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।राज्य मिलेट्स एवं नेशनल इडिबल ऑयल (तिलहन) योजना अंतर्गत तीन दिवसीय किसान मेला में कृषकों को नवीनतम तकनीक के जरिए कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उन्नत कृषि कार्य की महत्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की जा रही हैं। मंगलवार को जिला कलेक्टर ने किसान मेला के निरीक्षण के दौरान कृषकों को मिलेट्स के उपयोग एवं खेती के साथ-साथ फूल की खेती करने के संबंध में भी आवश्यक सुझाव दिए। कृषि विज्ञान केन्द्र प्रक्षेत्र का भ्रमण कर सब्जी, फलदार पेड़ों तथा प्राकृतिक खेती का अवलोकन कर पौधरोपण भी किया। कलेक्टर ने विभागीय स्टॉल का भ्रमण कर विभिन्न कृषि यंत्रों तथा कृषक हितैषी योजना व सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। किसानों से संवाद कर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। साथ ही किसान कल्याण वर्ष 2026 की गतिविधियों की जानकारी भी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र परिसर का जायजा भी लिया। मेला में डॉ. पी.एन. त्रिपाठी, डॉ. रितेश जायसवाल, रणविजय सिंह परिहार, रीतेश बागोरा, एस.के. कनौजिया सहित उप संचालक कृषि ओ.पी. तिवारी एवं परियोजना संचालक आत्मा ए.पी. सुमन एवं उत्तम सिंह बागरी भी उपस्थित रहे और किसानों का मार्गदर्शन कर उनके प्रश्नों का समाधान भी किया। स्थानीय कलाकारों के दल द्वारा लोकगीत के माध्यम से उन्नत खेती की जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को तिलहनी फसलों के उत्पादन व बढ़ोत्तरी संबंधी जानकारी भी दी गई।

## मैस्कॉट हॉस्पिटल पन्ना में तीन नवजात शिशुओं का सुरक्षित जन्म, खुशी की लहर



**पन्ना।** मैस्कॉट हॉस्पिटल पन्ना में चिकित्सा क्षेत्र की एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है, जहां अनुभवी चिकित्सकों की टीम के मार्गदर्शन में एक महिला ने सफलतापूर्वक तीन नवजात शिशुओं को जन्म दिया। इस जटिल लेकिन सफल नॉर्मल डिलीवरी ने अस्पताल प्रबंधन और परिजनों के बीच खुशी का माहौल बना दिया है। इस सफल प्रसव को डॉ. मानसी गुप्ता महिला एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, डॉ. केपी राजपूत तथा डॉ. जागृति राजपूत की देखरेख में संपन्न किया गया। उनकी विशेषज्ञता और सतर्क निगरानी के चलते यह जटिल डिलीवरी सामान्य (नॉर्मल) तरीके से सफलतापूर्वक पूरी की जा सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजीदा पति अमीन, निवासी रामपुर पिष्टा अजयगढ़, ने तीन स्वस्थ नवजात शिशुओं को जन्म दिया। मां और सभी बच्चे पूरी तरह स्वस्थ बताए जा रहे हैं, जो चिकित्सा टीम की कुशलता का प्रमाण है। नवजात शिशुओं के आगमन से हॉस्पिटल परिवार में हर्ष और उल्लास का वातावरण बन गया है। अस्पताल स्टाफ ने इस सफलता को एक बड़ी उपलब्धि मानते हुए खुशी जाहिर की। वहीं, परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने परिवार को बधाई देते हुए नवजात शिशुओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अंत में सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि इन नन्हे शिशुओं के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों की वर्षा हो तथा वे स्वस्थ और दीर्घायु जीवन प्राप्त करें।

## पशुचारा एवं भूसा के निर्यात व परिवहन पर लगा प्रतिबंध

**पन्ना।** जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार द्वारा पन्ना जिले में पशुधन के लिए चारा-भूसा की निरंतर उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से जिले के बाहर भूसा चारा के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है। जिला मजिस्ट्रेट ने उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रस्ताव पर मध्यप्रदेश चारा निर्यात नियंत्रण आदेश 2000 में निहित प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से आगामी 31 जुलाई तक भूसा चारा के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है। अब कोई भी कृषक, व्यापारी, निर्यातक व्यक्ति किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित पशुचारा व भूसा का परिवहन किसी वाहन, मोटर या किसी भी यान द्वारा पन्ना जिले के बाहर अन्य जिले में संबंधित क्षेत्र के उपखंड मजिस्ट्रेट की अनुज्ञा के बगैर निर्यात नहीं करेगा। आदेश के क्रियान्वयन व अनुपालन के लिए संबंधित तहसीलदार, नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी को दायित्व सौंपा गया है। पशु आहार में आने वाले सभी प्रकार के चारा भूसा को जिले के बाहर सीमावर्ती जिलों में परिवहन एवं निर्यात संबंधी प्रतिबंध के पालन के दौरान संबंधित अधिकारी द्वारा नियत बिंदुओं पर जांच कर उल्लंघन संबंधी प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।जिले में पशु चारा और भूसा की कमी की आशंका के दृष्टिगत पशुओं को पर्याप्त मात्रा में चारा भूसा की आपूर्ति बनाए रखने के संबंध में सीमावर्ती जिलों में पशुचारा व भूसा निर्यात संबंधी प्रतिबंध के तहत नियुक्त अधिकारी पशु चारे के निर्यात के लिए उपयोग में लाए गए साधन को रोककर तलाशी ले सकेंगे या रोकने व तलाशी के लिए किसी व्यक्ति को प्राधिकृत भी कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में पिता की मौत का आरोप




छतरपुर। खजुराहो थाना क्षेत्र से मंगलवार को एक हृदयविदारक मामला सामने आया है, जहां एक बेटे ने अपने पिता की मौत के लिए भू-माफियाओं और दबंगों को जिम्मेदार ठहराते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। वार्ड नंबर 14, घंटाई मंदिर के पास रहने वाले अंकुर तिवारी ने एसपी को सौंपे आवेदन में आरोप लगाया कि उनके पिता स्व. रामेश्वर प्रसाद तिवारी की मृत्यु उन पर किए गए हमले और उसके बाद दी गई मानसिक प्रताडना के कारण हुई है।अंकुर तिवारी ने बताया कि उनके पिता का जैन मंदिर रोड स्थित एक जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि माननीय हाईकोर्ट से स्टे (स्थगन आदेश) होने के बावजूद 28 दिसंबर 2025 को अजय शुक्ला, विजय शुक्ला, सत्यम शुक्ला और शिवम शुक्ला सहित अन्य लोगों ने जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की। जब उनके पिता ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद से ही रामेश्वर प्रसाद तिवारी गहरे सदमे में थे और उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई, जिसके परिणामस्वरूप 11 फरवरी 2026 को उन्होंने दम तोड़ दिया। पीड़ित परिवार ने स्थानीय खजुराहो पुलिस पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि घटना की शिकायत समय पर की गई थी, लेकिन पुलिस की ढिलाई के कारण आरोपियों के हौसले बुलंद रहे। परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस पहले ही कार्रवाई कर देती, तो उनके पिता आज जीवित होते। मंगलवार को एसपी से मुलाकात के दौरान अंकुर तिवारी ने सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### झोलाछाप डॉक्टर के ऑपरेशन के बाद युवक की मौत, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप



बड़ामलहरा। बड़ामलहरा पुलिस अनुविभाग अंतर्गत बाजना में एक कथित झोलाछाप डॉक्टर द्वारा बवासीर के ऑपरेशन के बाद एक युवक की मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 27 वर्षीय बालचंद्र साहू, पिता कुट्टू साहू, निवासी शाहगढ़ (बिजावर) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार बालचंद्र को बवासीर की समस्या थी, जिसके इलाज के लिए वह बाजना स्थित बंगाली क्लिनिक पहुंचे थे। यहां डॉ. मिथुन चाटर्जी नामक व्यक्ति ने 15 मार्च को उनका ऑपरेशन किया। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद युवक की हालत लगातार बिगड़ती गई और अगले दिन 16 मार्च की रात क्लिनिक में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ऑपरेशन के दौरान उचित चिकित्सा सुविधाएं और व्यवस्था नहीं थी, जिसके कारण युवक की स्थिति और खराब होती चली गई। परिजन डॉक्टर द्वारा गलत तरीके से ऑपरेशन करने और आवश्यक सावधानियां न बरतने का भी आरोप लगा रहे हैं। घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रशासन भी इस घटना की गहराई से पड़ताल कर रहा है।

### पत्नी के वियोग में नवविवाहित पति ने लगाई फांसी



चंदला। क्षेत्र से एक बेहद दुखद और हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां हाल ही में विवाहित एक युवक ने पत्नी के मायके जाने के कुछ घंटों बाद ही अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शादी की रौनकें मची हुई थीं, लेकिन अचानक यह घटना पूरे परिवार को सदमे में डाल गई और खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। मिली जानकारी के अनुसार, चंदला के वार्ड नंबर 13 में रहने वाले 28 वर्षीय रूपेंद्र उर्फ पुल्ले सिंह दीक्षित का विवाह 9 मार्च 2026 को अजयगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में संपन्न हुआ था। विवाह के बाद घर में खुशियों का माहौल छाया हुआ था और परिवार के सदस्यों के चेहरों पर मुस्कान बिखरी हुई थी। लेकिन 16 मार्च को दोपहर करीब 3 बजे पत्नी के मायके पक्ष के परिजन उसे लेने आए और वह ससुराल से विदा होकर मायके के लिए रवाना हो गई।स्थानीय लोगों के अनुसार, पत्नी के जाने के बाद शाम तक सब सामान्य था।

## सिर पर खाली सिलेंडर रख किया प्रदर्शन, चौराहे पर जलाया चूल्हा

# गैस सिलेंडर संकट पर सड़कों पर उतरी कांग्रेस



छतरपुर।

मध्य प्रदेश में रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कमी और कालाबाजारी के खिलाफ जिला कांग्रेस ने जोरदार विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करते हुए सिर पर खाली गैस सिलेंडर रखकर रैली निकाली और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन जिला कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ, जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए छत्रसाल चौराहे पर समाप्त हुआ। यहां कार्यकर्ताओं ने टेंट लगाकर सड़क के बीच चूल्हा जलाया और प्रतीकात्मक रूप से अपनी नाराजगी जाहिर की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि कोरोना काल और नोटबंदी के बाद अब गैस सिलेंडर की समस्या से आम जनता जूझ रही है, जबकि कालाबाजारी चरम पर पहुंच गई है।

## गैस संकट के बीच अधिवक्ता ने प्रशासन को घेरा, जनसुनवाई में बोले- होम डिलीवरी के पैसे वसूल रहे एजेंसी संचालक

छतरपुर।

जिले में जारी रसोई गैस की किल्लत और वितरण व्यवस्था में मची अफरा-तफरी का मामला अब कलेक्टर की जनसुनवाई तक पहुँच गया है। मंगलवार को अधिवक्ता रवि पांडे ने जिला प्रशासन को एक तीखा ज्ञापन सौंपते हुए गैस एजेंसी संचालकों और प्रशासन के बीच कथित मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है और नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

अधिवक्ता रवि पांडे ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि नियमानुसार गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं के घर तक सिलेंडर पहुँचाना चाहिए, जिसका डिलीवरी शुल्क ग्राहकों से पहले ही वसूला जाता है। लेकिन हकीकत में उपभोक्ताओं को घंटों अपने काम छोड़कर गैस गोदामों पर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब उपभोक्ता खुद गोदाम से सिलेंडर उठा रहा है, तो एजेंसी संचालक लाखों रुपये का डिलीवरी चार्ज क्यों डकार रहे हैं? अधिवक्ता श्री पांडे ने तल्ख तेवर अपनाते हुए कहा कि प्रशासन केवल झूठे दावे कर रहा है और हकीकत में कोई सुनने वाला नहीं है। उन्होंने पूछा कि कतारों में केवल आम गरीब आदमी, बुजुर्ग और महिलाएं ही क्यों दिख रहे हैं? किसी नेता या रसूखदार कर्मचारी को इन लाइनों में क्यों नहीं लगना पड़ रहा? उन्होंने आरोप लगाया कि एजेंसी संचालक प्रशासन के संरक्षण में मनमानी कर रहे हैं और बुकिंग होने के बावजूद समय पर सिलेंडर नहीं दे रहे हैं।



# गांव के एक दर्जन घरों में एक साथ हुई चोरी, एसपी के पास पहुंचे ग्रामीण



छतरपुर


जिले के राजनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नहदौरा में चोरों ने एक ऐसी सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया है जिसने पुलिस की गश्त और सुरक्षा दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं। बीती 10 मार्च की रात अज्ञात चोरों ने एक या दो नहीं, बल्कि पूरे 12 घरों को अपना निशाना बनाया। मंगलवार को इस बड़ी वारदात से आक्रोशित दर्जनों ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और एसपी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी राजनगर पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।पीड़ित ग्रामीणों ने एक चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि चोरों ने चोरी से पहले संभवतः किसी नशीले पदार्थ या स्प्रे का इस्तेमाल किया था। यही कारण रहा कि एक ही रात में 12 घरों के कुंदे कटे, अलमारियां खंगाली गईं, लेकिन किसी भी परिवार के सदस्य की नींद नहीं खुली। ग्रामीणों के अनुसार, चोरों ने करीब 95 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पार कर दी है। सुबह जब लोगों की आंखें खुलीं, तो घरों का सामान बिखरा देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घटना को एक हफ्ता बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। ग्रामीणों ने एसपी से मुलाकात के दौरान राजनगर पुलिस पर घोर लापरवाही के आरोप लगाए। उनका कहना है कि क्षेत्र में न तो रात को पुलिस गश्त होती है और न ही घटना के बाद संदिग्धों की तलाश में कोई गंभीरता दिखाई गई है। पीड़ितों का कहना है कि वे अपनी जीवन भर की गाढ़ी कमाई खो चुके हैं, लेकिन पुलिस केवल आश्वासन दे रही है। एसपी को सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की जाए और चोरी गए माल की शत-प्रतिशत बरामदगी हो।

## राजस्व, पुलिस और माइनिंग टीम कि संयुक्त कार्यवाही में अवैध रेत से भरे 25 ट्रैक्टर जप्त

छतरपुर।

शहर में फल-फूल रहे अवैध रेत के कारोबार को प्रशासन ने अंजाम दिया है। माइनिंग, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में दबिश देकर दो दर्जन से अधिक अवैध बालू से भरे ट्रैक्टरों को जब्त किया है। इस औचक कार्रवाई से बालू माफियाओं और अवैध परिवहन में लिप्त लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

कलेक्टर और एसपी के निर्देशों के बाद सोमवार सुबह संयुक्त टीम ने गायत्री मंदिर के पास स्थित मुख्य बालू मंडी, महोबा रोड और राजनगर रोड पर एक साथ धावा बोला। इन इलाकों में लंबे समय से अवैध रेत के भंडारण और बिक्री की शिकायतें मिल रही थीं। जैसे ही अधिकारियों का अमला मौके पर पहुंचा, मंडी में भगदड़ मच गई। कई ट्रैक्टर चालक कार्रवाई के डर से अपने वाहनों को चालू हालत में ही सड़क पर छोड़कर गलियों में फरार हो गए।



### संयुक्त टीम का कड़ा रुख, जारी रहेगी कार्रवाई

इस विशेष अभियान में सिटी कोतवाली, सिविल लाइन और ओरछा रोड थाना पुलिस के साथ माइनिंग इंस्पेक्टर और राजस्व विभाग के अधिकारी मुस्तैद रहे। अधिकारियों ने बताया कि जब्त किए गए सभी ट्रैक्टरों को संबंधित थानों में खड़ा कराया गया है। फरार चालकों और वाहन स्वामियों की पहचान की जा रही है, जिनके विरुद्ध खनिज अधिनियम और चोरी की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

## भूमि अभिलेखों और नक्शों में बड़ी गड़बड़ी का आरोप सुधार न होने पर किसान करेंगे आंदोलन, दी चेतावनी



छतरपुर

जिले की नौगांव तहसील के अंतर्गत ग्राम लुगासी भैरोगंज के किसान मंगलवार को अपनी भूमि से जुड़ी जटिल समस्याओं को लेकर कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले जिला उपाध्यक्ष ख्यालीराम पटेल के नेतृत्व में आए किसानों ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। किसानों का आरोप है कि गांव के राजस्व अभिलेखों और सरकारी नक्शों में इतनी अधिक त्रुटियां हैं कि धरातल पर उनकी जमीनों की स्थिति और कागजी रिकॉर्ड में जमीन का स्थान मेल नहीं खा रहा है।किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया कि गांव में एक ही खसरा नंबर अलग-अलग स्थानों पर दर्ज है, जबकि पटवारी द्वारा मौके पर भूमि का स्थान कुछ और ही बताया जा रहा है। इस विसंगति के कारण किसान अपनी ही जमीन को लेकर संशय और विवाद की स्थिति में हैं। किसानों की सबसे बड़ी चिंता महत्वाकांक्षी केन-बेतवा लिंक परियोजना को लेकर है। उनका तर्क है कि यदि इस परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होने से पहले इन रिकॉर्ड्स और नक्शों को दुरुस्त नहीं किया गया, तो मुआवजे के वितरण के समय भारी विवाद की स्थिति निर्मित होगी और कई वास्तविक किसानों को उनके हक से वंचित होना पड़ सकता है। प्रशासन से पुरजोर मांग की गई है कि राजस्व विभाग की विशेष टीम गठित कर जमीनों का भौतिक सत्यापन कराया जाए और सभी तकनीकी व लिपिकीय त्रुटियों को जल्द से जल्द सुधारा जाए। किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो वे बड़े स्तर पर उग्र आंदोलन शुरू करेंगे। किसानों का कहना है कि वे अपनी पैतृक भूमि के हक के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं और यदि भविष्य में कोई अप्रिय स्थिति बनती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# प्रभारी कलेक्टर के निर्देशन में कृषि विज्ञान केंद्र नौगांव में नरवाई प्रबंधन पर कृषक संगोष्ठी आयोजित

### किसानों को पराली न जलाने और आधुनिक प्रबंधन तकनीकों की दी जानकारी

छतरपुर।

**किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नमः शिवाय अरजरिया के निर्देशन में मुख्यमंत्री नरवाई प्रबंधन योजना के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, नौगांव, जिला छतरपुर में कृषक संगोष्ठी (नरवाई प्रबंधन) का सफल आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को फसल अवशेष (नरवाई/पराली) जलाने से होने वाले पर्यावरणीय, मृदा स्वास्थ्य एवं कृषि उत्पादकता पर पडऩे वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नरवाई के उचित प्रबंधन के वैकल्पिक एवं लाभकारी तरीकों की जानकारी देना था।



संगोष्ठी में उपस्थित किसानों को बताया गया कि नरवाई जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, मिट्टी की उर्वरता घटती है तथा जल धारण क्षमता कम हो जाती है। इसके साथ ही मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीव एवं केंचुए नष्ट हो जाते हैं, जिससे मृदा की संरचना प्रभावित होती है और फसल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। कार्यक्रम में डॉ. राजीव सिंह, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केंद्र नौगांव ने नरवाई जलाने के दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को बताया कि पुषा डीकंपोजर जैसी जैविक तकनीकों के उपयोग से नरवाई को आसानी से खाद में परिवर्तित किया जा सकता है, जिससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता। इस अवसर पर उपयंत्री अभिषेक जैन ने किसानों को नरवाई प्रबंधन में उपयोगी कृषि यंत्रों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुपर सीडर, हैपी सीडर, स्ट्रॉ रीपर, रीपर कम बाइंडर तथा बेलर जैसे यंत्रों के माध्यम से नरवाई का खेत में ही प्रभावी प्रबंधन किया जा सकता है। इन यंत्रों के उपयोग से किसानों की लागत कम होती है, मृदा स्वास्थ्य में सुधार होता है और पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में कृषकों ने भाग लेकर नरवाई प्रबंधन से संबंधित तकनीकी जानकारी प्राप्त की।

## ढोल-नगाड़ों की थाप पर गूंजा शहर, रामालय कार्यालय का भव्य शुभारंभ

छतरपुर।

छतरपुर शहर में रामनवमी महोत्सव को लेकर इस वर्ष जबरदस्त धार्मिक उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री राम सेवा समिति द्वारा रामालय कार्यालय के शुभारंभ के साथ ही शहर का माहौल पूरी तरह राममय हो गया है।

सोमवार 16 मार्च की शाम रामचरितमानस मैदान में विधिवत पूजन-अर्चन के साथ रामालय कार्यालय का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से हिंदू संगठनों और रामभक्तों की टोलियां ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ जुलूस के रूप में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं।

पूरे आयोजन में भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। साधु-संतों की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। वर्ष 2026 में भगवान श्रीराम के पावन प्रकटोत्सव रामनवमी के अवसर पर शहर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस बार निकलने वाली भव्य शोभायात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र होगी।



शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ आकर्षक झांकियां भी शामिल होंगी, जिनमें भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। समिति ने स्पष्ट किया है कि आयोजन के दौरान डीजे पर प्रतिबंध रहेगा और पारंपरिक वाद्य यंत्रों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। श्री राम सेवा समिति ने शहर के सभी रामभक्तों और धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### डॉ श्रद्धा सिंह ने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद हेतु नामांकन दाखिल कर चुनावी माहौल गरमाया

रीवा। डॉ श्रद्धा सिंह ने जिला अधिवक्ता संघ रीवा के हो रहे दो वर्षीय चुनावी कार्यकाल के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव अधिकारी श्री सूर्य नाथ पाण्डेय को नामांकन पत्र सौंपा। बताया जा रहा है कि अध्यक्ष पद हेतु पहली बार किसी महिला ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। कल नामांकन पत्र की छंटाई और नाम वापसी के बाद अध्यक्ष एवं अन्य पदों के प्रत्याशियों की कुल संख्या स्पष्ट हो सकेगी।

### ओलम्पियाड प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले बच्चों को किया सम्मानित

रीवा। राज्य शिक्षा केन्द्र के तत्वाधान में कक्षा 2 से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों को जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्रों को मोहन सभागार कलेक्ट्रेट रीवा में सम्मानित किया गया।इस अवसर पर एडीएम रीवा सपना त्रिपाठी, सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर, डीपीसी राजेश तिवारी जिले के विभिन्न विषयों की ओलम्पियाड जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले *२ विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, पुरूस्कार , पठन पाठन सामग्री एवं कप प्रदान कर सम्मानित किया। अंग्रेजी विषय में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हनुमाना की प्रांसी दुबे अंग्रेजी विषय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, शासकीय पीके स्कूल रीवा की मुस्कान द्विवेदी ने पर्यावरण विषय में एवं अंशिका चतुर्वेदी शासकीय विद्यालय सुअरनटोला ने हिंदी विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया अपने उद्बोधन में एडीएम सपना त्रिपाठी ने कहा कि मेधावी बच्चों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए सरकार अनेक योजनायें संचालित कर रही है। विद्यार्थियों के साथ ही उनके माता-पिता और शिक्षकों को भी सम्मानित किया जा रहा है ताकि अन्य छात्र और शिक्षक इनसे प्रेरणा ले सके। सीईओ मेहताब सिंह गुर्जर ने बच्चों को सफलता के मूल मंत्र देते हुए कहा कि हिम्मत रखे और हार नहीं माने के मूल मंत्र को सामने रखकर जीवन के पथ पर आगे बढे तो सफलता निश्चित ही मिलती है। डीपीसी राजेश तिवारी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि ओलम्पियाड परीक्षा के लिए जिले के १९९ जन शिक्षा केन्द्र पर हुई इसमें चयनित बच्चों ने 18 एवं 19 जनवरी को ब्लॉक स्तरीय परीक्षा में मार्तंड क्रमांक 3 रीवा में सहभागिता की ,जिनमें जिला स्तर पर अलग-अलग विषयों में *२ बच्चों ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में केसरी तिवारी, सोमनाथ कोल श्रीमती सुधा पटेल सहित जिला शिक्षा केंद्र के एवं जिला प्रशासन रीवा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन बुद्ध प्रकाश त्रिपाठी ने किया ।

### पत्रकार गीता प्रसाद तिवारी को भाजपा ने बनाया मीडिया प्रभारी

रीवा। जिले के गुढ़ क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आई है। वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी गीता प्रसाद तिवारी को भारतीय जनता पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति के बाद क्षेत्र के पत्रकारों और समाजसेवियों में खुशी का माहौल है।रीवा जिले के गुढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पुरास महसाव के रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार गीता प्रसाद तिवारी को भाजपा संगठन ने मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। लंबे समय से पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहे गीता प्रसाद तिवारी अपनी बेबाक लेखनी और जनहित के मुद्दों को उठाने के लिए क्षेत्र में खास पहचान रखते हैं।उनकी इस नियुक्ति के बाद पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय नागरिकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। लोगों का कहना है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव का लाभ अब संगठन और समाज दोनों को मिलेगा।समाजसेवियों ने उम्मीद जताई है कि गीता प्रसाद तिवारी अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाते हुए संगठन और जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करेंगे।फिलहाल गीता प्रसाद तिवारी को मिली इस नई जिम्मेदारी से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और लोगों को उनसे कई सकारात्मक उम्मीदें हैं।

### सांदीपनी विद्यालय में मारपीट से मचा हड़कंप

रीवा। जिले में शिक्षा के मंदिर कहे जाने वाले विद्यालय अब असामाजिक गतिविधियों की चपेट में आते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला सेमरिया स्थित सांदीपनी विद्यालय का है, जहां मंगलवार सुबह करीब 10 बजे छात्रों के बीच हुए विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत कुछ छात्रों के बीच मामूली कहासुनी से हुई थी।

# आज से उग्र होगा अल्ट्राटेक बेला सीमेंट प्लांट के मजदूरों का प्रदर्शन

## 2 मार्च से चल रहे धरने के समर्थन में निकल गया मशाल जुलूस

विंध्याचल सीमेंट स्टील फाउंड्री खदान कामगार यूनियन एटक के तत्वाधान में अल्ट्राटेक बेला सीमेंट वर्क्स जेपी पुरम रीवा के कारखाने से निकल गए श्रमिकों द्वारा 2 मार्च से निरंतर धरना जारी है, धरना के समर्थन में मसाल जुलूस निकला गया

रीवा 1




मसाल जुलूस का नेतृत्व का.अरुण तिवारी अध्यक्ष एटक , का.राम सरोज कुशवाहा प्रांतीय उप महासचिव एटक, का.लालमणि त्रिपाठी जिला पंचायत सदस्य, का.गया प्रसाद मिश्रा अध्यक्ष किसान सभा का .बृजलाल सिंह बायो वृद्धि किसान नेता ने किया ।मसाल जुलूस 6:30 बजे शाम से सोनरा गांव के मुख्य चौराहा से निकालकर मुख रोड होते हुए गगन भेदी नारा लगाते हुए, श्रमिकों को काम में वापस लो,8 घंटा का शिफ्ट लागू करो, कॉलिंग सिस्टम बंद करो, सीमेंट वेज बोर्ड के तहत वेतन दो, ठेकेदारी प्रथा बंद करो, किसानों के जमीन से लीज का पट्टा निरस्त करो, सीमेंट का प्रदूषण बंद करो अन्य तरह के नारा लगाते हुए ,अल्ट्राटेक बेला सीमेंट के गेट के धरना स्थल पर मसाल जुलूस समाप्त किया । 18 मार्च को पूरे क्षेत्र के किसान, मजदूर ,नौजवान शामिल हो रहे हैं, जिसका नेतृत्व अभय मिश्रा विधायक सेमरिया करेंगे । प्रबंधक की हठ धार्मिकता एवं प्रशासन उद्योगपतियों के चांदी के जूते के नीचे दबे होने के कारण न्याय नहीं मिल पा रहा । आंदोलन में किसी तरह की औद्योगिक आशांति होती हैं तो इसके जिम्मेदार कारखाना प्रबंधन एवं शासन प्रशासन की होगी। मसाल जुलूस में सुशील सिंह, मुनीमशर्मा,सूर्यभानसाहू , बलवंत सिंह, सत्यवान पटेल, अजय चतुर्वेदी, श्री राम बिंदु , रंजन दहिया, रवि लाल यादव, गोरेलाल पटेल, संतान सिंह रघुवंशी, बालकिशन पटेल, नरेंद्र मिश्रा, पूरन लाल तिवारी,सैकड़ो श्रमिक उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने दो आदतन अपराधियों को किया जिला बदर

रीवा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रतिभा पाल ने दो आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर के आदेश दिए हैं। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार आदतन अपराधी अनुराग मिश्रा उर्फ छोटू मिश्रा आयु 25 वर्ष निवासी अमिलकी जिला रीवा तथा अश्वनी मिश्रा उर्फ प्रिंस मिश्रा आयु 32 वर्ष निवासी ग्राम ओढ़की खुर्द रीवा को जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। इन दोनों अपराधियों को रीवा सहित सीधी, सतना, मैहर, मऊगंज और सिंगरौली जिले की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। जिले में लोक शांति, सुरक्षा बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है। दोनों आदतन अपराधियों को 48 घंटे की समय सीमा में जिले से बाहर जाने के आदेश दिए गए हैं। जिला बदर की अवधि में दोनों अपराधी केवल सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बाद ही प्रतिबंधित जिलों में प्रवेश कर सकेंगे। इसका उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार आदतन अपराधी अनुराग मिश्रा पर वर्ष 2020 से अब तक 10 से अधिक आपराधिक प्रकरण विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज हैं। अनावेदक के विरूद्ध लोगों को डराने-धमकाने, मारपीट, नाबालिग से बलात्कार, हत्या के प्रयास, अनुसूचित जाति तथा जनजाति के समुदाय के साथ मारपीट एवं अवैध हथियार से आमजनता के मन में भय उत्पन्न करने जैसे गंभीर अपराध दर्ज हैं। इसी तरह आदतन अपराधी अश्वनी मिश्रा पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में सात आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें गाली-गलौज, मारपीट, अनुसूचित जाति-जनजाति के समुदाय के साथ मारपीट, हत्या के प्रयास, लोगों को डराने-धमकाने तथा अवैध हथियार लेकर चलने के प्रकरण दर्ज हैं। इन दोनों अपराधियों की गतिविधियों से आमजनता में भय व्याप्त था। कई बार प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बावजूद इनकी आपराधिक गतिविधियों में कोई अंतर नहीं आया। कानून और व्यवस्था को बनाए रखने तथा लोक शांति के लिए इनके विरूद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

## न्यायालय भवन परिसर में हनुमान जी प्रतिमा स्थापित करवाने अधिवक्ता संघर्ष परिषद संघ ने कसी कमर

रीवा।



अंतर्राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस संघर्ष परिषद के अध्यक्ष ब्रह्मांशी पंडित राजकुमार सिंह तिवारी ने जिला अधिवक्ता संघ रीवा के चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु नामांकन दाखिल करते हुए कहा। ,संसार के सबसे बड़े बुद्धिजीवी तबका न्यायपालिका के आधार स्तंभ, न्याय दान के सतत प्रहरी है। अपना सुख चैन त्याग कर पीड़ितों की सेवा करने वाले अधिवक्ताओं हेतु निरंतर अनवरत कई वर्षों से संघर्षरत हूं। क्योंकि अधिवक्ता जब संतुष्ट रहेंगे तभी न्याय की गंगा अविरल रूप से प्रवाहित होगी। मैं नए न्यायालय परिसर में श्री हनुमान जी के पुनर्स्थापना,अधिवक्ता दिवस, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, एडवोकेट पेंशन योजना,उच्च न्यायालय एवं, उपभोक्ता फोरम खंडपीठ की स्थापना की मांग,कार्यस्थल पर महिला एवं युवा अधिवक्ताओं की सुविधा एवं स्व निधि से आर्थिक रूप से कमजोर अधिवक्ताओं हेतु नए न्यायालय भवन में बैठक की व्यवस्था एवं वर्तमान में व्याप्त संकट आदि हेतु सतत प्रयास रत हूं। मेरा कर्म ही मेरा परिचय है। जिसके आप सब साक्षी हैं। प्रत्यक्षण किम प्रमाणम।श्री तिवारी ने सभी अधिवक्ताओं का आवाहन करते हुए कहा की आइए सब लोग मिलकर अधिवक्ता संघ के गरिमा को एक नई ऊंचाई प्रदान करें। उक्त अवसर पर राम रतन सिंह तिवारी, राजेंद्र, बृजेश, उमेश, अनामिका, श्रीनिवास आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों को अधिकारियों को कार्यवाही हेतु किया गया प्रेषित

रीवा । कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में 90 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, संयुक्त कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा एवं डिप्टी कलेक्टर सुरभि जैन ने प्राप्त आवेदनों की विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार जनसुनवाई में ग्राम पंचायत बड़ागांव के रहवासियों ने नलजल योजना से शुद्ध जल की उपलब्धता एवं देवास निवासी प्रेमवती बंसल एवं अन्य बस्ती वासियों ने पानी के लिये हैण्डपंप लगाये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया जिस पर लोक स्वास्यि यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। गढ़ निवासी कुवेरनाथ त्रिपाठी के यूके लिप्टस के पेड़ काटकर नीलामी की अनुमति देने, आशिफ



खान के शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने के आवेदन पर एसडीएम मनगवां को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार खाम्हा की ऊषा चतुर्वेदी के सीमांकन कराने सरपंच अमवा के शांतिधाम के रास्ते से अतिक्रमण हटाने के आवेदन पर तहसीलदार हुजूर को तथा बिहरा के भोले सिंह बीपीएल कार्ड से अपात्र के नाम हटाने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। उमरी निवासी रामदयाल चतुर्वेदी के खसरा सुधार के आवेदन पर तहसीलदार सिरमौर को, भेलौड़ी निवासी नागेन्द्र प्रसाद शुक्ला के नहर के मुआवजा भुगतान के आवेदन को तहसीलदार सिरमौर को तथा बिछिया निवासी नसीबुनिशा के मकान को जबरदस्ती गिराने के आवेदन पर नजूल अधिकारी को कार्यवाही के निर्देश दिये गये। राजेश कुमार पटेल रामपुर धवैया के धान उपार्जन की राशि प्रदान करने के आवेदन पर खाद्य अधिकारी को तथा हीरालाल वर्मा बैकुंठपुर के दिव्यांग पेंशन प्रदाय करने के आवेदन पर सीएमएचओ को समाधान कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये।

### संभागीय आईटीआई रीवा में रोजगार मेला आज

रीवा । कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशन में युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 18 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में 16 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं , स्नातक, स्नातकोत्तर, एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा मैकेनिकल इंजीनियरिंग तथा बीई मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल उतीर्ण युवा जिन्हें अलग-अलग कंपनियों में वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 35 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में फ्लैश ईवी प्लांट सावरदारी चाकन, फ्लैश इलेक्ट्रानिक्स एचपी चौक चाकन, टेनेको फेडरल म्हालुंगे चाकन, सीएनएच न्यू हॉलैंड प्लांट चाकन, महिंद्रा एण्ड

# रीवा एयरपोर्ट ने विन्ध्य को विकास की उड़ान दी

## केन्द्रीय उड्डयन मंत्री तथा मुख्यमंत्री ने रीवा-रायपुर हवाई सेवा का किया शुभारंभ







### डबल इंजन सरकार ने रीवा के विकास को नया आयाम दिया है - मुख्यमंत्री

रीवा

**एयरपोर्ट के रनवे का 2300 मीटर विस्तार का प्रस्ताव मंजूर**

रीवा । विन्ध्य क्षेत्र को विकास की नई सौगात मिली। रीवा एयरपोर्ट से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के लिए सीधी विमान सेवा शुरू हुई। एलायंस एयरवेज सप्ताह में तीन दिन रीवा से रायपुर और रायपुर से रीवा के लिए 72 सीटर प्लेन की सुविधा शुरू की। रीवा एयरपोर्ट में आयोजित समारोह में हवाई सेवा का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समारोह में शामिल हुए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिल्ली से शामिल होकर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. के राममोहन नायडू ने हवाई सेवा का शुभारंभ किया। रीवा में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद जनार्दन मिश्र तथा अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट को केवल दो वर्षों में तीन बड़ी सौगातें मिली हैं। रीवा एयरपोर्ट अपनी प्राचीन गरिमा और वैभव के साथ विकास की उड़ान के लिए पूरी तरह से तैयार है। केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने रीवा के विकास को नया आयाम दिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की खास आदमी के साथ आम आदमी को भी हवाई जहाज में उड़ने की सुविधा देने के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उड़ान योजना और प्रदेश की नई विमान नीति से प्रदेश में एयरपोर्ट का तेजी से विकास हो रहा है। रीवा एयरपोर्ट के विकास और हवाई सेवाओं के लिए केन्द्रीय मंत्री नायडू तथा उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के सराहनीय प्रयास सफल हो रहे हैं। रीवा एयरपोर्ट से भोपाल, इंदौर और दिल्ली के बाद अब रायपुर के लिए हवाई सेवा शुरू हो गई है। यह विन्ध्य के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। एयर एंबुलेंस सेवा का लाभ उठाने में भी रीवा सबसे आगे है। पर्यटन के लिए हेली सेवा शुरू करने के साथ आठ नए एयरपोर्ट एवं 20 हवाई पट्टियों का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर दिल्ली से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए नागर विमान मंत्री डॉ. के राममोहन नायडू ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट जबरदस्त उपलब्धि हासिल कर रहा है। प्रधानमंत्री जी ने विन्ध्य के सपनों को उड़ान देने का जो कार्य प्रारंभ किया था वह अब मूर्तरूप ले रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विमान सेवा में देश में मॉडल के तौर पर उभर रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर मध्यप्रदेश की जनता को हवाई यात्रा सुलभ कराने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि रीवा से रायपुर की सीधी उड़ान के लिए उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल हमेशा से प्रत्यनशील रहे हैं। इस हवाई यात्रा के शुरू हो जाने से रीवा के भविष्य के साथ ही आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा व युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि फेयर से फुरसत अभियान 2.0 के तहत रीवा से रायपुर व दिल्ली का वायुयान का किराया फिक्स रहेगा। उन्होंने रीवा वासियों को इस उपलब्धि के लिए ह्मदय से बधाई दी तथा कहा कि रीवा एयरपोर्ट का रनवे बढ़ाने का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा तथा टर्मिनल भवन का विस्तार भी किया जायेगा। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि रीवा से रायपुर की वायु सेवा प्रारंभ हो जाने से हम अपने घर से ही जुड़ रहे हैं। रायपुर के लिए सड़क मार्ग व रेल मार्ग की सुविधा थी लेकिन हवाई मार्ग से जुड़ना एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का संकल्प पूरा हो रहा है। केन्द्रीय मंत्री नायडू ने रीवा के लिए जो हवाई सेवाओं की सुविधाएं दी हैं उसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने भी संबोधित किया। दिल्ली से नागर विमान मंत्रालय के सचिव समीर कुमार सिन्हा ने भी विमान सेवाओं के विस्तार की जानकारी दी।समारोह में केन्द्रीय मंत्री तथा उप मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से हरी झण्डी दिखाकर विमान सेवा का शुभारंभ किया। समारोह में रायपुर जाने वाले यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किए गए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल भी रीवा से रायपुर जाने वाली प्रथम हवाई सेवा के यात्री बने। समारोह में लोक गायिका राखी द्विवेदी ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व मंत्री पुष्पराज सिंह, अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, एलायंस एयरवेज के सीईओ राजर्षि सेन, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।रीवा, रायपुर वायु सेवा के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में खुशी की लहरइस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा से रायपुर के लिए वायु सेवा की यह तीसरी सौगात मिल रही है। रीवा में असीम संभावनाओं के बावजूद भी हवाई सेवाएं न होने पर वह तरक्की नहीं हो पायी थी लेकिन अब रीवा तरक्की की ऊंचाईयाँ छू रहा है। प्रधानमंत्री जी की उड़ान योजना का रीवा ने भरपूर लाभ उठाया। अब यह क्षेत्र देश का सबसे बड़ा इकोनामिक कारीडोर बनेगा। रीवा एयरपोर्ट का वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री जी द्वारा उद्घाटन किया गया और वर्ष 2025 में रीवा से दिल्ली व रीवा से इंदौर के लिए वायु सेवा शुरू हुई। उन्होंने रीवा को वायु सेवा में शामिल करने में स्टेट वीजीएफ योजना लागू करने के लिए मुख्यमंत्री को साधुवाद दिया। शुक्ल ने कहा कि रीवा, रायपुर वायु सेवा के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में खुशी की लहर है। वहां के जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय निवासियों में भी अपार उत्साह है। श्री शुक्ल ने कहा कि फेयर से फुरसत अभियान 2.0 लागू होने से किराया भी फिक्स रहेगा। उन्होंने इसके लिए मंत्री श्री नायडू को साधुवाद दिया। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि रीवा एयरपोर्ट के रनवे को विस्तारित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा 390 करोड़ रूपये मंजूर किये जा रहे हैं। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से रीवा के टर्मिनल भवन विस्तार की मांग की।